>

Title: Need to take stringent action against those involved in the circulation of fake currency in the country.

श्री महाबली सिंह (काराकाट): अध्यक्ष महोदया, बंगलादेश और नेपाल के रास्ते बंगाल, बिहार और उत्तर प्रदेश में जाली नोटों का धंधा बड़े पैमाने पर फल-फूल रहा है। राजधानी से लेकर जिला और ग्रामीण इलाकों तक ऐसे गिरोह फैले हुए हैं, जिनका शिकार ग्रामीण जनता बड़े पैमाने पर हो रही है। एक गिरोह द्वारा गांव में छोटे-छोटे दुकानदारों और व्यापारियों के माध्यम से जाली नोट चलाये जा रहे हैं। इस तरह ग्रामीण जनता के पास वे जाली नोट पहुंचते हैं। जब वे लोग पैसे लेकर बैंक जाते हैं, तो पुलिस उन्हें गिरफ्तार कर लेती है। बड़े-बड़े तस्कर नहीं पकड़े जाते, जबकि ग्रामीण जनता इसकी शिकार हो रही है। इसके साथ-साथ कई जगह जैसे पटना, उत्तर प्रदेश, गोवा, मुम्बई आदि में एटीएम और बैंक के माध्यम से जाली नोट आ रहे हैं। देश की अर्थव्यवस्था इसका बहुत बुरा प्रभाव पड़ रहा है। इसलिए मैं आपके माध्यम से मांग करना चाहता हूं कि सरकार इस संबंध में कठोर से कठोर कानून बनाये, ताकि ऐसे देशद्रोही तत्वों पर सख्त कार्रवाई की जा सके।